प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

11 जनवरी 2024

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के आश्वासन कार्यों के प्रमुखों के लिए सम्मेलन

रिज़र्व बैंक ने 10 जनवरी 2024 को सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के आश्वासन कार्यों के प्रमुखों (अर्थात्, मुख्य अनुपालन अधिकारियों , मुख्य जोखिम अधिकारियों और आंतरिक लेखा परीक्षा के प्रमुखों) के लिए मुंबई में एक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का विषय 'आघात-सहनीय वित्तीय प्रणाली- प्रभावी आश्वासन कार्यों की भूमिका' था। यह मई 2023 में गवर्नर द्वारा सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों के लिए 'बैंकों में सुशासन – धारणीय संवृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना' विषय पर सम्मेलन के साथ शुरू की गई पर्यवेक्षी गतिविधियों की शृंखला का हिस्सा है।

उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव और श्री स्वामीनाथन जे. ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग, विनियमन विभाग और प्रवर्तन विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यपालक निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया।

श्री राव ने अपने मुख्य भाषण में आश्वासन कार्यों से विनियामक अपेक्षाओं को रेखांकित किया और आश्वासन कार्यों से जोखिमों का दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य रखने और जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय उपाय शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने हितधारकों को समग्र आश्वासन प्रदान करने के लिए आश्वासन कार्यों को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने और बैंकों के भीतर साइलो से बचने का आह्वान किया।

श्री स्वामीनाथन ने रिज़र्व बैंक की पर्यवेक्षी अपेक्षाओं को रेखांकित किया और कहा कि प्रभावी आश्वासन कार्यों द्वारा समर्थित होने पर ही पर्यवेक्षण प्रभावी होता है। उन्होंने आश्वासन कार्यों से आग्रह किया कि वे वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और व्यापक वित्तीय प्रणाली के आघात-सहनीयता को सुनिश्चित करने के लिए उभरते जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने हेतु अपने संस्थानों के लिए अन्तःकरण रक्षकों की भूमिका निभाएं, अत्यंत स्वतंत्रता बनाए रखें और सक्रिय सतर्क रुख अपनाएं।

सम्मेलन में रिज़र्व बैंक के मुख्य महाप्रबंधकों द्वारा तीन आश्वासन कार्यों पर तकनीकी सत्र और चुनिंदा एससीबी के आश्वासन कार्यों के प्रमुखों द्वारा सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों पर प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।

रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशकों के साथ प्रतिभागियों की खुली बातचीत के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1656